रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). सुरक्षा अभियान से लाभ का पता कुछ समय के बाद लगने लगेगा ।

स्टेशनों के नामों को ठीक करना

2732. **श्री केशवराव घोंडगे** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मनमाड और मुडखेड स्टेशनों के बीच आने वाले मराठी में गलत लिखे गये स्टेशनों के नामों को ठीक करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है; और

(ख) गलत ढंग से लिखे गये ये नाम कब तक ठीक कर दिये जायेंगे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख). मानमाड मुडखेड खंड के स्टेशनों के मराठी नामों और उनके हिज्जों के सत्यापन के लिए भारत सरकार के सर्वेक्षण विभाग के निदेशक, दक्षिण मध्य क्षेत्र, हैदराबाद से अनुरोध किया गया है। इनमें यदि किसी प्रकार की अशुद्धियां होंगी तो उन्हें यथा समय ठीक कर दिया जायेगा।

भारतीय रेलों में सफाई कर्मचारियों की संख्या

2733. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रेलों में सफाई कर्मचारियों (स्वीपरों) की संख्या कितनी है; और

(ख) उनकी पदोन्नति के चैनल का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

दिल्ली और जहांगीराबाद, अनूपशहर और डिबाई के बीच रेल लाइन

2734. **श्री शिव नारायण सरसूनिया**: क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड ने 15-20 वर्ष पहिले जहांगीराबाद, अनूपशहर और डिबाई को दिल्ली से रेल लाइन द्वारा जोड़ने के लिए एक सर्वेक्षण किया था और इस रेल लाइन को बिछाने का भी निर्णय किया था, और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) क्या जहांगीराबाद और अनूपशहर के प्रतिनिधियों ने हाल ही में उन्हें और रेलवे बोर्ड को इस बारे में एक ज्ञापन दिया है; और

(ग) क्या कुछ संसद् सदस्यों ने भी उनसे इस रेल लाइन को बिछाये जाने का अनुरोध किया है, और यदि हां, तो इस बारे में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) अनूपशहर और जहांगीराबाद होकर दिल्ली और डिबाई के बीच एक सीधे रेल सम्पर्क के लिए विगत में कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया था। लेकिन, 1927-28 के दौरान एटा, कासगंज, डिबाई, अनूपशहर और जहांगीराबाद के

रास्ते फफूंद—बुलन्दशहर रेल सम्पर्क के लिए एक यातायात सर्वेक्षण किया गया था। डिबाई–दिल्ली रैल सम्पर्क का एक भाग डिबाई-अनुपशहर-जहांगीराबाद-बुलन्द-शहर उस लाइन का भी एक हिस्सा था इस सर्वेक्षण से मालूम हुआ था कि यह परियोजना वित्तीय दृष्टि से अर्थक्षम नहीं रहेगी और इसका निर्माण आरम्भ नहीं किया गया था।

(ख) जी हां।

(ग) जी हां, लेकिन संसाधनों की कठिन स्थिति के कारण प्रस्तावित रेल सम्पर्क का निर्माण आरम्भ करना संभव नहीं हो पाया।

पहाड़ी क्षेत्रों में रेल लाइन का विस्तार

2735. **श्री टी० एस० नेगी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काठगोदाम, रामनगर, कोटद्वार, ऋषिकेश और देहरादून तक गई रेल लाइनों को पर्वतीय क्षेत्र में अन्य स्थानों तक बढ़ाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

रेशनलाइजेशन प्रोजेक्ट सिन्दरी

2736. **श्री वीरेन्द्र प्रसाद :** क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेशनलाइजेशन प्रोजेक्ट, सिन्दरी इसी बीच पूरी कर ली गई है और उस पर कितनी लागत आई तथा उसका प्रतिदिन उत्पादन क्या है; और

(ख) क्या इस परियोजना में निर्धारित लक्ष्यानुसार उत्पादन हो रहा है, और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में वाणिज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) और (ख): जब कि संयंत्र लगाया गया है तथा परीक्षण उत्पादन हो रहा है, किन्तु नियमित रूप से उत्पादन अभी शुरू नहीं हुआ है। सल्फूरिक एसिड तथा फास्फोरिक एसिड संयंत्रों में कुछ प्रारम्भिक खराबियां पाई गई हैं जिन्हें दूर करने के लिए आवश्यक औपचारिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई है। वर्तमान में, परियोजना पर 45.03 करोड़ रुपयों की लागत का अनुमान है।

Popularity of 'Nutan' Stove

2737. SHRI G. S. REDDI: Will the Minister of PEROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether the Indian Oil Corporation's kerosene stove 'Nutan' has become popular;

(b) whether there are complaints of non-availability of accessories of the stove; and

(c) whether several petrol pumps are refusing to sell this stove or do not have stocks of it?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA (a) Yes, Sir.

(b) Regular supply of accessories of 'Nutan' stove is by and large maintained. However, on receiving report of a few cases about non-availability of certain accessories, immediate arrangements were made by Indian Oil Corporation to ensure their regular supply.

(c) No report has been received about petrol pumps refusing to sell 'Nutan' stoves. There are occasions